

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

*जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।*

मंगलवार 26 मई 2026 बर्ष 02 अंक 138 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## ग्रामीण क्षेत्रों में 41 लाख परिवारों ने बनाया पक्का मकान : मंत्री श्रवण कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य में आवास निर्माण का लक्ष्य लगभग पूरा होने की ओर है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2016—17 से अब तक 49 लाख 18 हजार 758 आवास निर्माण लक्ष्य के विरुद्ध 49 लाख 9 हजार 797 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 41 लाख 12 हजार 565 लाभुकों ने अपने पक्के मकान का निर्माण पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में 48 लाख 57 हजार 308 लाभुकों को पहली किश्त, 45 लाख 97 हजार 397 लाभुकों को दूसरी किश्त तथा 42 लाख 5 हजार 864 लाभुकों को तीसरी किश्त की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि योजना का पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में भी तेजी से प्रगति दर्ज की जा रही है। पहले चरण (2016—17 से 2021—22) में 37 लाख 1 हजार 138 आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया



गया था, जिसके विरुद्ध 37 लाख 571 लाभुकों को स्वीकृति दी गई। इनमें से 36 लाख 62 हजार 143 लाभुकों ने आवास निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 36 लाख 99 हजार 636 लाभुकों को प्रथम किश्त, 36 लाख 70 हजार 490 लाभुकों को दूसरी किश्त तथा 36 लाख 54 हजार 709 लाभुकों को तीसरी किश्त का भुगतान किया जा चुका है। मंत्री ने बताया कि दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2024—25 और 2025—26 के लिए 12 लाख 17 हजार 620 आवास निर्माण का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध अब तक 12 लाख 9 हजार 226 लाभुकों को आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें 11 लाख 57 हजार 672 लाभुकों को प्रथम किश्त, 9 लाख 26 हजार 907 को द्वितीय किश्त तथा 5 लाख 51 हजार 155 लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जारी की जा चुकी है। वहीं 4 लाख 50 हजार 422 लाभुकों ने आवास निर्माण पूरा कर लिया है। मंत्री ने बताया कि योजना पर अब तक लगभग 5.57 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। शेष निर्माण कार्य पूरा करने के लिए लगभग 42 हजार 753 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026—27 से सभी लाभार्थियों को सहायता राशि एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। फिलहाल राज्य नोडल खाते में राशि समाप्त हो चुकी है, जिसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय से 1600 करोड़ रुपये के मदर सैंक्शन की मांग की गई है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2016—17 से इंदिरा आवास योजना को पुनर्गठित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) लागू किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को आवास निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा रही है।

## मलमास मेला : तैयारी पूरी, कल होगा पहला शाही स्नान

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेले में बुधवार को पहला शाही स्नान होगा। प्रशासन और विभन्नि मठ—संगतों द्वारा इसकी व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई है। शाही स्नान में साधु—संतों के साथ श्रद्धालु भ्री कुंडों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। मेला प्रशासन द्वारा सभी संगतों के शाही स्नान के लिए अलग—अलग समय तय किया गया है। शाही स्नान को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक संगत के साथ पुलिस बल एवं दंडाधिकारी तैनात होंगे। शाही स्नान की शुरुआत गुरु नानक कुंड से होगी। इसके बाद साधु—संत सरस्वती नदी, सप्धारा और अंत में ब्रह्मकुंड में स्नान करेंगे। प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, साफ—सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। शाही स्नान को लेकर मेला क्षेत्र में और विभन्नि मठ मंदिरों में अभी से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। देश के विभन्नि राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु प्रथम शाही स्नान को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## बिहार पुलिस अकादमी में डीएसपी के 69वीं बैच का दीक्षांत परेड आज, तैयारी पूरी, सूबे को आज मिलेंगे 19 नये डीएसपी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार पुलिस अकादमी में डीएसपी के 69वीं बैच के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक विनय कुमार होंगे। बिहार पुलिस को 19 नए डीएसपी मिलेंगे। इनमें पांच महिला भी शामिल हैं। इससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और विधि—व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी बिहार पुलिस अकादमी की निदेशक ने दी। उन्होंने बताया कि 26 मई को आयोजित होने वाले इस समारोह को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। अकादमी परिसर में सुरक्षा, अनुशासन और परेड की अंतिम रिहर्सल पूरी कर ली गई है। समारोह का आयोजन पूरी गरिमा और परंपरा के अनुरूप किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार सुबह 5:55 बजे परेड मार्क पर खड़ा होना है। इसके बाद 6:10 बजे सहायक निदेशक (प्रशासन) का आगमन होगा। 6:13 बजे पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), 6:16 बजे उप—निदेशक तथा 6:20 बजे निदेशक का आगमन निर्धारित है। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक विनय कुमार का आगमन सुबह 6:25 बजे निर्धारित है। इसके बाद परेड कमांडर द्वारा रिपोर्टिंग और परेड निरीक्षण कराया जायेगा। 6:32 बजे निशान टोली का आगमन एवं राष्ट्रीय सैल्यूट होगा। उप—निदेशक द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को शपथ दिलाई जायेगी। इसके बाद मार्च पास्ट, परेड समीक्षा और वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तुति होगी। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। सुबह 7:10 बजे परेड निष्क्रमण और 7:20 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। समारोह में पुलिस को वर्किंग यूनिफॉर्म, पीक कैप और क्रॉस बेल्ट निर्धारित परिधान में रहने के लिए कहा गया है।

## भीषण गर्मी से राहत पाने राजगीर के अमेज वाटर पार्क पहुंच रहे युवा, बिहार—झारखंड से उमड़ रही भीड़

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। खासकर नालंदा जिले सहित आसपास के इलाकों में तेज धूप और बढ़ते तापमान से लोग परेशान हैं। ऐसे में गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में युवा और पर्यटक अमेज वाटर पार्क का रुख कर रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए लोग घंटों वाटर पार्क में समय बिता रहे हैं। पानी की फुहारों, वेव पूल और विभिन्न वाटर राइड्स का आनंद लेकर युवा भीषण गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। सप्ताहांत के साथ—साथ सामान्य दिनों में भी यहां पर्यटकों की अच्छी—खासी भीड़ देखने को मिल रही है। वाटर पार्क प्रबंधन के अनुसार, केवल नालंदा ही नहीं बल्कि नवादा, पटना, गया, शेखपुरा, जमुई समेत बिहार के कई जिलों से लोग यहां पहुंच रहे हैं। इसके अलावा झारखंड से भी बड़ी संख्या में पर्यटक राजगीर आ रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण यह वाटर पार्क लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। पर्यटकों का कहना है कि चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच वाटर पार्क उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से राहत दे रहा है। परिवार के साथ पहुंचे लोग बच्चों संग यहां गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान सुनील कुमार सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है।



ऐसे में राजगीर का अमेज वाटर पार्क लोगों के लिए राहत का सबसे बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यहां की सुविधाएं और मनोरंजक माहौल लोगों को गर्मी भूलने पर मजबूर कर देता है। गौरतलब है कि मौसम विभाग द्वारा लगातार हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया जा रहा है। ऐसे में लोग सुबह और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए ठंडे और मनोरंजक स्थानों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसमें राजगीर का अमेज वाटर पार्क इन दिनों प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



## मलमास मेला ड्यूटी से गायब पुलिसकर्मी निलंबित, एसपी ने की सख्त कार्रवाई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला—2026 में ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक पुलिसकर्मी पर नालंदा पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। मेले में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पीटीसी/1583 मनोज कुमार की प्रतिनियुक्ति राजकीय राजगीर मलमास मेला—2026 में की गई थी, लेकिन वे निध. ारित ड्यूटी स्थल पर तैनात नहीं पाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच की गई, जिसमें उनके द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, मनमानेपन एवं अनुशासनहीनता बरतने की पुष्टि हुई।इसके बाद भारत सोनी ने कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन—यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राजकीय मलमास मेला जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेले की सुरक्षा एवं विधि—व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

## बकरीद को लेकर नालंदा पुलिस अलर्ट
### पुलिस केंद्र में दंगा निरोधक दल ने किया मॉक ड्रिल



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर नालंदा पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। भारत सोनी के निर्देश पर पुलिस केंद्र नालंदा में दंगा नि. रोधक दल द्वारा विशेष मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, सांप्रदायिक तनाव अथवा भीड़ नियंत्रण जैसी परिस्थितियों से प्रभावी तरीके से निपटने की तैयारी को मजबूत करना था। इस दौरान पुलिस जवानों को विधि—व्यवस्था बनाए रखने एवं त्वरित कार 'वाई के लिए प्रशिक्षित किया गया।अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया तथा पुलिस बल को विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावक. ारी कार्रवाई करने के तरीके बताए गए। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नालंदा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बकरीद पर्व के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी तरह तैयार रखा गया है।



# टूरिस्ट वे परियोजना को लेकर जगदीशपुर तियारी में बढ़ा तनाव, घर बचाने की गुहार लगा रहे ग्रामीण

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय(नालंदा)।** पटना के जगदंबा स्थान करौटा से राजगीर तक निर्माणाधीन टूरिस्ट वे परियोजना को लेकर नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर तियारी गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। सड़क निर्माण की जद में आ रहे करीब एक दर्जन ग्रामीण परिवार अपने आशियाने बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क के एलाइनमेंट को गांव से करीब 20 फीट दूर खेतों की ओर मोड़ दिया जाए, तो दर्जनों गरीब परिवारों के घर टूटने से बच सकते हैं। प्रभावित परिवारों में डब्लू जमादार, पूना जमादार, नागेंद्र जमादार, रामप्रीत जमादार, राजनीति पासवान, रामानंद पासवान एवं नागेंद्र पासवान सहित अन्य शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले सड़क की पैमाइश किसी अन्य दिशा से की गई थी, लेकिन बाद में एलाइनमेंट बदलकर उनके घरों के बीच से सड़क निकाली जा रही है। उनका कहना है कि वे भूमिहीन हैं और सरकार द्वारा इंदिरा आवास योजना के तहत मिले मकान ही उनके रहने का एकमात्र सहारा हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को खेतों की ओर मोड़ दिया जाए, ताकि किसी भी परिवार का घर न टूटे। दूसरी ओर, नूरसराय के अंचल अधिकारी दीपक कुमार ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सड़क के एला. इनमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि यह एलाइनमेंट वर्ष 2012–14 में ही निर्धारित कर दिया गया था और सड़क का निर्माण उसी नक्शे के आधार पर किया जा रहा है।



अंचल अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों के बीच फैली भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए हाल ही में आरसीडी अधिकारियों के साथ दोबारा पैमाइश कराई गई है। साथ ही कैंप लगाकर मुआवजा वितरण की प्रक्रिया भी चलाई जा रही है। जिन लोगों की रैयती जमीन अधिग्रहित हुई है, उन्हें मुआवजा दिया जा रहा है और कई लोग मुआवजे की राशि प्राप्त भी कर चुके हैं।प्रशासन के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य का अधिकांश हिस्सा पूरा हो चुका है और केवल बीच का यही हिस्सा शेष है। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक बार एला. इनमेंट फाइनल हो जाने के बाद उसमें बदलाव संभव नहीं है। प्रशासनिक रुख से यह साफ हो गया है कि सड़क निर्माण निर्धारित नक्शे के अनुसार ही पूरा किया जाएगा। फिलहाल, घर टूटने की आशंका को लेकर प्रभ. ावित ग्रामीणों में मायूसी और भविष्य को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।



# चंडी थाना क्षेत्र में लूटकांड का खुलासा दो अपराधी गिरफ्तार, तीन बालक निरुद्ध



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट चंडी(नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने चंडी थाना क्षेत्र के ग्राम माहो में हुई लूट की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन विधि–विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 मई 2026 की रात चंडी थाना अध्यक्ष को सूचना मिली थी कि तीन अज्ञात अपराधियों ने राजनंदन कुमार से हथियार का भय दिखाकर उनकी मोटरसा. इकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर– 01–एफआर–6245), दो मोबाइल फोन एवं 4500 रुपये नकद लूट लिए। पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर चंडी थाना कांड संख्या 344/26 दिनांक 21 मई 2026 के तहत बीएनएस की धारा 309(4) में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारत सोनी के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा–01 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए कांड का सफल उद्भेदन कर लिया।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मुकेश जमादार उर्फ लेमण्टी एवं अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया। साथ ही तीन विधि–विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त आर–15 मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। मुकेश जमादार उर्फ लेमण्टी के विरुद्ध नगरनौसा थाना में पहले से भी आपराधिक मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में चंडी थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, नगरनौसा थाना अध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, आनंद कुमार, श्वेता कुमारी, डीआईयू टीम एवं चंडी और नगरनौसा थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। नालंदा पुलिस ने बताया कि मामले का अनुसंधान अभी जारी है और अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज पर बवाल: लोदीपुर से हटाने के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र–ग्रामीण

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा(नालंदा)।** नालंदा जिले के नगरना. ैसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थ. ापना के बाद अब इसके स्थान चयन को लेकर विवाद गहराने लगा है। कॉलेज संचालन को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए हैं। एक पक्ष लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय परिसर में ही कॉलेज संचालित करने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय में स्थान. ांतरित कराने के पक्ष में है। लोदीपुर में कॉलेज बनाए रखने के समर्थन में स्थानीय लोगों एवं विद्यार्थियों का बड़ा वर्ग खुलकर सामने आया है। स्थानीय निवासी कवीन्द्र पासवान ने बताया कि लोदीपुर स्थित विद्यालय परिसर में कॉलेज संचालन के लिए पर्याप्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां लगभग 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है तथा पढ़ाई के लिए 20 कमरे मौजूद हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर प्रखंड मुख्यालय से दूर स्थित कॉलेज भी सफलताप. ूर्वक संचालित हो रहे हैं, इसलिए शैक्षणिक माहौल और सुविधा के लिहाज से लोदीपुर सबसे उपयुक्त स्थान है। कॉलेज को बाजार क्षेत्र में शिफ्ट करने के प्रस्ताव का छात्राओं ने भी विरोध जताया है। छात्रा चांदनी कुमारी और रा. धिका कुमारी ने कहा कि बाजार क्षेत्र में अत्यधिक शोर–शराबा और यातायात का दबाव रहता है, जिससे पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने आशंका जताई कि बाजार में असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी की घटनाएं भी हो सकती हैं, जबकि लोदीपुर का वातावरण अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित है। परीक्षा के समय बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है, जिससे छात्रों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से कॉलेज को बाजार क्षेत्र में शिफ्ट कराने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा के केंद्र को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए तथा छात्रहित को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसी दिशा में पहल करते हुए बीते 11 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आट्र्स एंड साइंस के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रोफेसर संजय कुमार ने नवस्थापित डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। फिलहाल कॉलेज का संचालन लोदीपुर स्थित उच्च विद्यालय परिसर से शुरू कर दिया गया है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक निर्णय पर टिकी हैं कि कॉलेज लोदीपुर में ही संचालित होगा या फिर इसे बाजार क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# सारे थाना लूटकांड का 17 घंटे में खुलासा पुलिस ने गिरोह के सभी सदस्यों को दबोचा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र में हुई लूट की बड़ी वारदात का पुलिस ने महज 17 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूटी गई नकदी और मोबाइल बरामद कर लिया है, साथ ही घटना में शामिल पूरे गिरोह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, डुमरांव निवासी सोहन पासवान से 23 मई 2026 की शाम अपराधियों ने 45 हजार रुपये नकद और एक कीपैड मोबाइल लूट लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। सदर डीएसपी–1 संकेत कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में सीआई अस्थावां, सारे थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ स्थानीय स्तर पर सूचना संग्रह कर तेजी से कार्रवाई की। जांच के दौरान यह सामने आया कि घटना के पीछे स्थानीय स्तर पर रची गई साजिश थी। पाइप खरीदने के बहाने ओम प्रकाश उर्फ शिवन ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर पूरी वारदात की योजना बनाई थी।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तम कुमार, राकेश कुमार उर्फ मझला, भुल्ला एवं ओम प्रकाश उर्फ शिवन शामिल हैं। पुलिस ने लूटी गई 45 हजार रुपये की राशि में से 43 हजार रुपये नकद तथा कीपैड मो.`बाइल बरामद कर लिया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में से उत्तम कुमार और राजेश कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ सारे थाना में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। नालंदा पुलिस की इस त्वरित सफलता की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। डीएसपी संकेत कुमार ने बताया कि मामले का सफल उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जा रही है।

# हाईटेक सुरक्षा के दावों के बीच मलमास मेला में बढ़ीं चोरी छिनतई की घटनाएं, श्रद्धालुओं के उड़ रही चेन, बटुए और मोबाइल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर (नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और हाईटेक निगरानी के दावों के बाद भी चोरी और छिनतई की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। मेला क्षेत्र में हर दिन किसी श्रद्धालु के गले से चेन उड़ाने, मोबाइल और बटुआ चोरी होने की शिकायतें सामने आ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कुंड स्नान के लिए जिग–जैग कतार में खड़े श्रद्धालु भी चोरों के निशाने पर हैं। ब्रह्मकुंड और सप्तऋषि कुंड जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्नान के दौरान भी चोरी की घटनाएं हो रही है। कुंड क्षेत्र के कंट्रोल रूम से लगातार माइकिंग कर श्रद्धालुओं को सतर्क रहने और कीमती सामान व आभूषण पहनकर नहीं आने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया जा रहा है। इसके बाद भी अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गया जी के डॉ. दीपक कुमार अपने परिवार के साथ मलमास मेला घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान उनके बेटे के गले से सोने की चेन किसी ने उड़ा ली। वहीं राजगीर के एक पत्रकार की बेटी भी चेन चोरी की घटना का शिकार हो गयी। ऐसे मामलों से श्रद्धालुओं में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते ही वर्मीज टेम्पल, ब्रह्मकुंड क्षेत्र, सर्कस, थिएटर और पटेल चौक से कुंड क्षेत्र तक भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। इसी भीड़ का फायदा उठाकर चोर–उचक्के सक्रिय हो जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि संगठित गिरोह मेले में सक्रिय हैं, जो भीड़ का फायदा उठाकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इधर पुलिस प्रशासन का दावा है कि मेला क्षेत्र के चप्पे–चप्पे की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से की जा रही है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। हालांकि लगातार हो रही चोरी और छिनतई की घटनाओं ने इन दावों की पोल खोल दी है। अबतक किसी बड़े गिरोह या अपराधी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। राजगीर के बंगाली पाड़ा निवासी नारायण सिंह ने बताया कि चोरी की घटनाओं के डर से वे कुंड स्नान करने से पहले अपने गले की चेन घर पर ही उतारकर आये थे। प्रशासन भी श्रद्धालुओं से बार–बार अपील कर रहा है कि वे मेला भ्रमण और स्नान के दौरान कीमती सामान तथा आभूषण पहनकर नहीं निकलें, लेकिन लोग सावधानी बरतने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि लोग लोकल से ज्यादा दूर से आते हैं। उन्हें माइकिंग का असर नहीं हो पाता है। उनके लिए सरकार अगर प्रचार–प्रसार अखबार के माध्यम से या सोशल मीडिया के माध्यम से करती तो कुछ बन सकती थी। पिछले मेला में भी हजारों श्रद्धालुओं से मोबाईल, चेन, बैग व पर्स की चोरी हुई थी। बाद में कई का तो पुलिस ने बरामद भी किया था पर तब तक श्रद्धालु अपने घर को वापस जा चुके होते थे।

# मलमास मेला में सुरक्षा व्यवस्था का डीएम–एसपी ने लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष फोकस

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला–2026 में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 23 मई की देर रात जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर, आवासन स्थलों एवं पूरे मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेले में तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल की कार्यशैली एवं मुस्तैदी की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विधि–व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले अथवा कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम और एसपी ने आवासन स्थलों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से बातचीत की तथा ठहरने, साफ–सफाई, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं का फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि हर स्तर पर श्रद्धालुओं को सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं।



जिग–जैग कतारों में खड़े श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं मिस्ट स्प्रे की व्यवस्था की गई है। वहीं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भक्ति गीतों का प्रसारण कर मेला क्षेत्र के वातावरण को आध्यात्मिक एवं उत्साहपूर्ण बनाया जा रहा है।मेला क्षेत्र में आपदा मित्रों की भूमिका भी सराहनीय रही। बुजुर्ग एवं असहाय श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने और स्नान कराने में आपदा मित्र सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। साथ ही कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को प्राथ.मिकता देते हुए मेला क्षेत्र में जगह–जगह हेल्थ कैंप और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहां निशुल्क दवाइयों एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, वरीय उपसमाहर्ता (स्थापना), अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# नालंदा में रोजगार का सुनहरा मौका, 26 मई को लगेगा विशेष जॉब कैंप




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक बेहतरीन अवसर सामने आया है। जिला नियोजनालय की ओर से 26 मई (मंगलवार) को बिहारशरीफ स्थित संयुक्त श्रम भवन परिसर में विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा।जॉब कैंप में टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भाग ले रही है, जो 'ट्रेनी' के 200 पदों पर युवाओं की भर्ती करेगी। भर्ती प्रक्रिया में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। कंपनी द्वारा 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा तथा बीई/बीटेक पास उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 18 हजार से 24 हजार 500 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी की ओर से बस एवं कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। चयनित युवाओं की नियुक्ति लुधियाना या पुणे में की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभा रहा है। नियुक्ति की शर्तों एवं अन्य संबंधित मामलों के लिए निजी कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होंने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से इस जॉब कैंप में भाग लेकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही विभाग द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है, ताकि जिले के अधिकाधिक युवा इस रोजगार मेले से जुड़ सकें।

# मलमास मेला में बिछड़े लोगों को मिलाने में कंट्रोल रूम की अहम भूमिका



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में जिला प्रशासन द्वारा स्थ.ापित कंट्रोल रूम श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। मेले के दौरान बिछड़े एवं खोए हुए परिवारों को कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों की तत्परता, सजगता और समर्पित प्रयासों से सकुशल मिलाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, कंट्रोल रूम में लगातार अनाउंसमेंट, सूचना संग्रह और समन्वय के माध्यम से खोए हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे कई परिवारों के चेहरों पर खुशी लौट आई है।मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने जिला प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि कंट्रोल रूम की सक्रियता से उन्हें सुरक्षा और सहायता का बेहतर अनुभव मिल रहा है। प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।






# डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम
## सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 कार्यशाला का आयोजन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार पुलिस एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) बिहार द्वारा डिजिटल पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्यभर के नवस्थापित 343 पुलिस थानों के लिए नई तकनीकी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला को बिहार राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सफल कार्यान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बिहार द्वारा विकसित तकनीकी नवाचार एवं कार्यप्रणालियां अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के प्रतिनिधियों ने तकनीकी सत्रों के माध्यम से सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 की विशेषताओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। वहीं एनआईसी बिहार के एसटीडी




नवीन कुमार ने परियोजना की कार्यान्वयन रणनीति एवं रोलआउट योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी।संयुक्त निदेशक राम भगवान सिंह, प्रदीप नायक तथा उप निदेशक अभिषेक कुमार ने विभिन्न मॉड्यूल पर प्रशिक्षण सत्र संचालित किए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और डिजिटल पुलिसिंग प्रणाली को लेकर उत्साह दिखाया। नालंदा जिले से जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अजीत कुमार, डीआरएम तनवीर आलम, नेटवर्क इंजीनियर नीरज कुमार सिंह एवं आशीष रंजन ने कार्यशाला में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा जिले के चयनित आठ थानों के थानाध्यक्षों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्यशाला बिहार के नवस्थापित पुलिस थानों में आधुनिक तकनीकी प्रणाली को मजबूत करने तथा डिजिटल पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# बकरीद को लेकर नालंदा प्रशासन अलर्ट
## संवेदनशील इलाकों में होगा फ्लैग मार्च




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** आगामी बकरीद (ईद–उल–अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नालंदा पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। बिहारशरीफ सदर डीएसपी–1 संकेत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें पूरी कर ली गई हैं। बैठकों में उपस्थित सदस्यों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा जिले के सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर ली गई है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों में भय और आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के उद्देश्य से संवेदनशील क्षेत्रों में सघन फ्लैग मार्च भी निकाला जाएगा।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में जवानों को दंगा नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण और अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं त्योहार के दौरान अफवाहों पर रोक लगाने के लिए जिला स्तरीय सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। डीएसपी संकेत कुमार ने बताया कि व्हाट्सएप स्टेटस, भ्रामक वीडियो एवं सोशल मीडिया पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध या आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर संबंधित थाना को तुरंत सूचना देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें। पर्व के दौरान कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण के लिए प्रशासन द्वारा गड्ढों के स्थान भी चिन्हित कर लिए गए हैं। डीएसपी ने लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कानून को अपने हाथ में लेने के बजाय तुरंत पुलिस–प्रशासन को सूचित करें।

# राजगीर मलमास मेला में जीविका दीदियों का जलवा, 35 रुपये
## में परोस रहीं घर जैसा भोजन; लाखों का कारोबार कर बनीं नारी सशक्तिकरण की मिसाल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट (नालंदा)।** राजगीर मलमास मेला 2026 में इस वर्ष जीविका से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं अपने हुनर और आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। ऐतिहासिक नगरी राजगीर में 17 मई 2026 से शुरू हुए मलमास मेला का उद्घाटन बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया गया था। मेले में जीविका से जुड़ी 25 ग्रामीण महिलाएं विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से आगंतुकों को बेहद कम कीमत पर घर जैसा शुद्ध, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही हैं। जिला प्रशासन नालंदा द्वारा इन जीविका दीदियों को कुल 25 स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। इन स्टॉलों पर नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई महिलाओं द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई है। मेले में मात्र 35 रुपये में 5 रोटी, सब्जी, दाल–चावल और अचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मेले के विभिन्न हिस्सों में लगाए गए जीविका दीदियों के भोजन स्टॉल श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुकों का कहना है कि महंगाई के दौर में इतने कम दाम पर घर जैसा स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन मिलना काफी राहत देने वाला है।इन स्टॉलों से न सिर्फ जीविका दीदियां आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि



भोजन बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल भी जीविका समूहों के माध्यम से ही उपलब्ध कराया जा रहा है। गिरियक की पूजा दीदी द्वारा संचालित आटा चक्की से सभी स्टॉलों पर आटा उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि सिलाव की मंजुला दीदी के मसाला उत्पादन केंद्र से मसाले भेजे जा रहे हैं। वहीं भोजन परोसने के लिए उपयोग होने वाले पत्तल एवं दोना सिलाव की किरण देवी द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राजगीर की इंदु दीदी द्वारा इन सभी स्टॉलों पर कार्यरत जीविका दीदियों का समन्वय किया जा रहा है। अब तक इन भोजन स्टॉलों के माध्यम से लगभग 4 लाख रुपये का कारोबार हो चुका है और मेला समाप्ति तक इससे अच्छी आमदनी होने की उम्मीद जताई जा रही है। राजगीर मलमास मेला में जीविका दीदियों की यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण आजी. विका संवर्धन का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है।

# बारह गांव में जन सुराज पार्टी की बैठक में संगठन
## विस्तार पर हुआ विचार विमर्श, दर्जनों कार्यकर्ता रहे मौजूद



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बराह गांव स्थित तालाब पर सोमवार को जन सुराज पार्टी के द्वारा बिहार नव निर्माण अभियान के तहत संगठन विस्तार को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बराह गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह पार्टी के वरिष्ठ नेता इंजीनियर अशोक कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, महामंत्री संजीव कुमार, नालंदा क्षेत्र महिला प्रकोष्ठ पूनम सिन्हा,सौरव मणि समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी के वरिष्ठ नेता इंजीनियर अशोक कुमार सिंह ने फूल का माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजीनियर अशोक सिंह ने कहा कि जन सुराज पार्टी के द्वारा संगठन के विस्तार और पुनर्गठन के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में लगातार बैठक और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। इस बैठकों का मुख्य उद्देश्य पंचायत और वार्ड स्तर तक समितियां का गठन करके पार्टी की विच. ारधारा और नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचना है। इस दौरान संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी एवं युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया। वही जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि जन सुराज के द्वारा बिहार नवनिर्माण अभियान और संगठितनात्मक बैठकों का मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और नए सिरे से इसका गठन करना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिले ,प्रखंड और पंचायत स्तर पर पुराने सहयोगियों और नए सदस्यों से मिलकर संगठन को सशक्त बनाना है। वही पार्टी के महामंत्री संजीव कुमार ने बताया कि संगठन विस्तार का शुरुआत 17 मई से जिले के हिलसा से शुरू हुआ था और हरनौत विधानसभा क्षेत्र में आज संपन्न हुआ। उन्हा. ेने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव 2025 में पार्टी को करारी हार के बाद विधानसभा स्तर एवं प्रखंड स्तर पर घूम–घूम कर पार्टी के विस्तार को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर अनुशंसा के लिए पार्टी कार्यालय को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जून माह के दूसरे सप्ताह में पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का आगमन नालंदा जिले में होने जा रहा है। वही बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने भी संगठन विस्तार के लिए अपने सुझाव दिए। इस बैठक के दौरान पार्टी के जिला महिला अध्यक्ष शोभा कुमारी,आलोक कुमार, मनीष कुमार,राजीव शर्मा,नीतीश कुमार यादव,नौलेश कुमार,छोटी कुमार, वाल्मीकि पासवान, सुधीर पासवान,रूपेश यादव, राजेश कुमार, नरेश पासवान, शशिकांत कुमार, सोनी देवी, रीता देवी, साबुजा देवी, फूलन देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नूरसराय के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. रत्नेश अमन का कुशवाहा छात्रावास में हुआ भव्य अभिनंदन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट (नालंदा)।** नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के रामचंद्रपुर स्थित कुशवाहा छात्रावास में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में नालंदा कॉलेज के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) रत्नेश अमन को नवसृजित डिग्री कॉलेज, नूरसराय का प्राचार्य नियुक्त होने पर कुशवाहा छात्रावास पुनर्निर्माण समिति द्वारा भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया गया. इस मौके पर सम्मानित होने के बाद नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर रत्नेश अमन ने पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, ष्यूनिवर्सिटी द्वारा मुझे जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा, ईम. ानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करूंगा. कॉलेज में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुशवाहा पुनर्निर्माण समिति के सचिव सह वार्ड पार्षद संजय कुमार आजाद ने इसे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया. उन्होंने कहा कि शिक्षा वह अनमोल संपत्ति है जिसे जितना बांटेंगे, उतनी ही बढ़ेगी. समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. दीनानाथ वर्मा ने शिक्षा के महत्व



पर जोर देते हुए कहा, ष्आज के समय में शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है.शिक्षित व्यक्ति कभी भूखा नहीं रह सकता.ष उन्होंने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे गांव और समाज के होनहार बच्चों को आगे बढ़ाने में मदद करें ताकि वे देश की सेवा कर सकें.छात्रावास पुनर्निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. चंदेश्वर प्रसाद ने आगंतुकों का स्वागत किया. उन्होंने छात्रावास के भविष्य की योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में बिहार शरीफ का कुशवाहा छात्रावास सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. यहाँ एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी और छात्रों के रहने व पढ़ने की समुचित व्यवस्था होगी। इससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े छात्र भी यहाँ रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे. इस गरिमामयी समारोह में वार्ड संख्या 49 के पार्षद प्रतिनिधि रणवीर कुमार सिन्हा उर्फ राजेश, प्रो. संजय कुमार, इंजीनियर विपिन कुमार भास्कर, सुरेंद्र मेहता, डॉ. विपिन कुमार, बृजनंदन प्रसाद, मनीष कुमार सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने डॉ. रत्नेश अमन को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।


अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति चुनाव 30 को

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत हरनौत की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही नगर राजनीति में हलचल तेज हो गई है।वार्ड पार्षद जोड़ तोड़ में लगे हुए है।जो कमजोर वार्ड पार्षद हैं,उसे समझा–बुझाकर अपनी तरफ करने का प्रयास किया जा रहा है।ज्ञात हो कि पहले मुख्य पार्षद स्वयं तीन पार्षद को सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के लिए मनोनीत कर लेते थे। लेकिन अब बिहार नगर पालिका संशोधन अधिनियम 2026 के तहत सशक्त स्थायी समिति के चुनाव होगा। वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह बताते हैं कि 19 जनवरी 2023 को हरनौत नगर पंचायत के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनी। इसमें तीन महिलाएं व दो पुरुष हैं। मुख्य पार्षद बबीता देवी व उप मुख्य पार्षद गीता देवी के अलावा तीन वार्ड पार्षदों(दो नंबर वार्ड की पार्षद बबीता पांडेय,वार्ड–7 के पार्षद राजू कुमार व वार्ड–15 के राजीव रंजन) को इसमें जगह मिली है। वर्तमान में ये तीनों सशक्त स्थायी समिति के सदस्य हैं। अब चुनाव से चयनित सदस्य स्वतंत्र रूप से विकास कार्यों की निगरानी कर सकेंगे। उधर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी ने लेटर जारी कर 30 मई को चुनाव कराने की तिथि फिक्स की है। जारी लेटर के अनुसार प्रखंड सभागार कक्ष में




सुबह आठ बजे से मतदान संबंधित विभिन्न प्रक्रिया शुरू होगी। यह मतदान गुप्त मतपत्र के माध्यम से होगा। मतदान के बाद उसी दिन मतगणना,विजेताओं की घोषणा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।चुनाव में निर्वाची पदाधिकारी के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी संकेत कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में हरनौत बीडीओ डॉ पंकज कुमार,सीओ पुजा कुमारी,बीपीआरओ उमेश कुमार को तथा सहयोगी के रूप में आरओ को जिम्मेदारी दी गई है।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सशक्त स्थायी समिति चुनाव की तिथि निर्धारित की गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 से 20 अप्रैल तक के बीच पूरे बिहार में चुनाव होना था तथा हरनौत में 18 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित था।लेकिन 15 अप्रैल को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र के आलोक में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब पुनः 30 मई को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है।30 मई को हरनौत के अलावा बिहारशरीफ , राजगीर,हिलसा, इस्लामपुर सहित जिले के सभी 15 निकायों में भी सशक्त स्थायी समिति का चुनाव कराया जाएगा।चुनाव को लेकर अभी से नगर पंचायत के भीतर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।संभावित उम्मीदवारों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है और कई नए चेहरे भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं।

# राजगीर मलमास मेला ड्यूटी के लिए विशेष बस सेवा शुरू






**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में जुटा है। इसी क्रम में मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा शुरू की गई है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 5 बजे समाहरणालय परिसर, बिहारशरीफ से राजगीर मेला क्षेत्र के लिए बस रवाना की जा रही है।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवस्था का उद्देश्य मेला ड्यूटी में तैनात पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर मेला क्षेत्र तक पहुंचाना है, ताकि वे अपने दायित्वों एवं कार्यों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन कर सकें। जिला प्रशासन ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों से निर्धारित समय पर बस सेवा का लाभ उठाने की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से मेला व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# उपमुख्यमंत्री ने किया राजगीर मलमास मेला का निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट (नालंदा)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि–व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी कुंदन कुमार ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि मलमास मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। ब्रह्मकुंड सहित पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रशासन द्वारा विभिन्न आवासन स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए ठहरने, सोने, शौचालय, साफ–सफाई एवं पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वहीं वृद्ध एवं असहाय श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन्हें ब्रह्मकुंड तक पहुंचने और स्नान करने में सहायता मिल सके। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने जिग–जैग कतारों में पेयजल, मिस्ट कूलर, मिस्ट फैन एवं मिस्ट स्प्रे की व्यवस्था की है। कतारों में खड़े श्रद्धालुओं को लगातार पानी पिलाया जा रहा है। इसके अलावा एलईडी स्क्रीन पर भक्ति गीतों का प्रसारण कर




आध्यात्मिक माहौल बनाया गया है।पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ नियंत्रण, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जगह–जगह हेल्थ कैंप, एंबुलेंस एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर जिलाधिकारी नालंदा, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर समेत कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# सक्षम गुरु मिल जाय तो प्रगति निश्चित – महंत ब्रजेश मुनि




**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** कबीरपंथी आश्रम निचली बाजार राजगीर में मलमास मेला पर आयोजित सत्संग के सातवें दिन कबीर विद्यापीठ के बच्चों ने आसान का प्रदर्शन किया। बच्चों ने पद्मासन, तुला आसन, आकर्ण धनुरासन, वज्रासन, शशकासन, भुजंगासन, मार्जार आसान, ऊष्ट्रासन का प्रदर्शन किया। संस्कृत सूत्र वाक्य सहित नैतिक संगीत भी गाकर अपनी सीखने की लगनशीलता का परिचय दिया। आश्रम के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि यदि बच्चे को एक सक्षम गुरु मिल जाए तो वह प्रगति कर सकता है। पश्चिमी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण विद्यालयों में मूल्य आधारित शिक्षा की कमी है इसलिए प्रत्येक विद्यालय में एक सप्ताह का योग शिक्षण प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। योग विशेषज्ञ हृदय नारायण झा ने इन बच्चों को न केवल आसन सिखाए, बल्कि एक सप्ताह में उन्हें जीवन के लिए प्रेरणादायक संस्कृत सूत्र और नैतिक शिक्षा देने वाले गीत भी सिखाए। प्रदर्शन से प्रसन्न होकर ब्रजेश मुनि महाराज ने सभी बच्चों को चूड़ा दही भोज खिलाया। इस अवसर पर संत अशोकदास हंस ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। दोपहर में कथा व्यास योग विशेषज्ञ गीतकार धर्माचार्य हृदय नारायण झा ने दिव्य चरित्र कथा के सातवें दिन राजगीर में भगवान बुद्ध के उपदेश के बारे में बताते हुए कहा कि यही भगवान बुद्ध ने दुखों से मुक्ति के लिए अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया। पंचशील और त्रिशरण के साथ अष्टांगिक मार्ग से प्रज्ञा, शील और समाधि को साधकर दुःखों से छूटने की जो युक्ति भगवान बुद्ध ने बताया वह सर्वकालिक, सर्वदेशिक और सार्वज. निक है। आज भी जीवन को सार्थक बनाने के लिए अष्टांगिक मार्ग का अनुकरण श्रेष्ठ है।

# नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचे एससीओ के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव

## एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत के संवर्धन एवं प्रसार में नालंदा विश्वविद्यालय की भूमिका अहम

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव एवं उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आमंत्रण पर भारत यात्रा के दौरान उनका नालंदा विश्वविद्यालय आगमन विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में सतत विकास, नेट ज़ीरो पहल, सहभागिता, बौद्ध विरासत तथा क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां एवं संवाद आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं में ज्ञान–विनिमय, सांस्कृतिक समझ, विरासत संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर विशेष बल दिया गया। एससीओ के महासचिव नुरलान यरमेकबायेव ने एससीओ देशों की साझा बौद्ध विरासत पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं दूरदृष्टि में साझा बौद्ध विरासत को शंघाई सहयोग संगठन के एक नए स्तंभ के रूप में शामिल किया गया।



हृदय नारायण झा ने इन बच्चों को न केवल आसन सिखाए, बल्कि एक सप्ताह में उन्हें जीवन के लिए प्रेरणादायक संस्कृत सूत्र और नैतिक शिक्षा देने वाले गीत भी सिखाए। प्रदर्शन से प्रसन्न होकर ब्रजेश मुनि महाराज ने सभी बच्चों को चूड़ा दही भोज खिलाया। इस अवसर पर संत अशोकदास हंस ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। दोपहर में कथा व्यास योग विशेषज्ञ गीतकार धर्माचार्य हृदय नारायण झा ने दिव्य चरित्र कथा के सातवें दिन राजगीर में भगवान बुद्ध के उपदेश के बारे में बताते हुए कहा कि यही भगवान बुद्ध ने दुखों से मुक्ति के लिए अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया। पंचशील और त्रिशरण के साथ अष्टांगिक मार्ग से प्रज्ञा, शील और समाधि को साधकर दुःखों से छूटने की जो युक्ति भगवान बुद्ध ने बताया वह सर्वकालिक, सर्वदेशिक और सार्वजनिक है। आज भी जीवन को सार्थक बनाने के लिए अष्टांगिक मार्ग का अनुकरण श्रेष्ठ है।

# अचानक राजगीर पहूंचे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, प्रशासनिक महकमे में मची हलचल

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी रविवार को अचानक राजगीर पहूंचे। अचानक से आगमन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई। उपमुख्यमंत्री ने राजगीर पहुंचने के बाद राजकीय मलमास मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में चल रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वे जरा देवी मंदिर के पास स्थित प्राचीन जरासंध मंदिर गये। वहां पर पूजा की। हालांकि उनके दौरे को पूरी तरह निजी बताया गया।

# एक माह से नल–जल योजना ठप, 500 की आबादी बूंद–बूंद पानी को परेशान



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत के वार्ड संख्या 14 स्थित नेहसाबीघा में पिछले एक माह से नल–जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। मोटर जल जाने के कारण करीब 500 की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। गांव के 80 से 90 घरों के लोग किसी तरह निजी चापाकल और समरसेबल के सहारे अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।वार्ड सदस्या सोना देवी ने बताया कि नल–जल योजना का मोटर एक माह पहले जल गया था। इसकी सूचना कई बार प्रखंड कार्यालय को दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत या नया मोटर लगाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीण जितेंद्र कुमार और गणेश चौहान ने बताया कि गांव में सरकारी चापाकल भी खराब पड़े हैं। सुबह से ही पानी के लिए लोगों की लंबी कतार लग रही है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कई घरों में पीने के पानी तक का संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने जल्द नल–जल योजना चालू कराने और खराब चापाकलों की मरम्मत कराने की मांग की है। इधर, पीएचईडी की जेई सुप्रिया कुमारी ने बताया कि शिकायत मिली है और मामले में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक(नालंदा)।** नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत आदमपुर गांव के समीप सा.`मवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला प्रमिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वह आदमपुर निवासी महेंद्र मिस्त्री की पत्नी थीं। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 5रू45 बजे प्रमिला देवी अपने घर के बाहर सड़क किनारे झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार और सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में बालू, गिट्टी और मिट्टी लदे ट्रक एवं ट्रैक्टर तेज गति से गुजरते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से भारी वाहनों की रफ्तार



पर नियंत्रण लगाने की मांग की।गांव के राजेश कुमार ने बताया कि प्रमिला देवी अपने पीछे चार बेटियां और तीन बेटे छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बाद में थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार और सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने ग्रामीणों एवं परिजनों को समझा–बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# पावापुरी में भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 संपन्न

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** पावापुरी स्थित श्वेताम्बर जैन तीर्थ भंडार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी नालंदा का दो दिवसीय "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026" रविवार को राष्ट्रगान के साथ संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर में जिले भर से पहुंचे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना तथा प्रशिक्षण महाभियान प्रभारी संदीप कुमार मिंटू मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रदेश आईटी संयोजक विकास मेहता, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा, भाजपा नेता अचल कुमार सिन्हा, मुंगेर विधायक प्रणय कुमार एवं पूर्व सह क्षेत्रीय प्रभारी राजेन्द्र भंडारी ने कार्यकर्ताओं को संगठन, राष्ट्रवाद और पार्टी की विचारधारा पर प्रशिक्षण दिया। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "भारत हमारे लिए राष्ट्रभूमि है, माता हमारी संस्कृति है और जय जन–आकांक्षा का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रसेवा है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित होकर कार्य करता है। वहीं समापन सत्र को संबोधित करते हुए राजेन्द्र भंडारी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए




राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती एवं जनसंपर्क को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. रामसागर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर सिंह, साबो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. अशुतोष कुमार, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, योगेन्द्र मंडल, राजू माहुरी, कंचन चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, सतीश प्रसाद, आश्रिति शर्मा, सोनू कुमार हिंदू, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरव जैन समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, पैर तोड़ा

**केशववाणी पावापुरी (नालंदा)।** पावापुरी सहायक थाना क्षेत्र के साईडीह गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान राजनंदन पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गांव के ही उचित पासवान, सूरज पासवान, गौरव पासवान, संजीत पासवान, सौरभ पासवान समेत लगभग दस लोगों ने उसे खेत से बुलाया और फिर रॉड, लाठी, खंती तथा घास काटने वाले औजारों से हमला कर दिया। हमले में राजनंदन का पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने घायल युवक को अस्पताल ले जाने से भी रोका। बाद में किसी तरह उसे इलाज के लिए पावापुरी भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचाया गया।घायल की पत्नी विनीता देवी ने पावापुरी थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विनीता देवी और ग्रामीणों का कहना है कि एफआईआर दर्ज कराने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे परिवार दहशत में है। मामले में थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बिहारशरीफ की जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**केशववार्णी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया है। इसमें शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की समस्या और कृषि उत्पादन बाजार समिति में व्यवसायियों की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उठाया गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति स्थित नवनिर्मित भवन में व्यवसायियों को व्यवस्थित तरीके से बसाया जाए तथा वहां फैली अव्यवस्था को दूर किया जाए। साथ ही पिछले करीब 45 वर्षों से झुग्गी–झोपड़ी में व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को स्थायी दुकान आवंटित करने की मांग की गई है। शहर में लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्या को लेकर भी चिंता जताई गई है। लोगों का कहना है कि बिहारशरीफ की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने की मांग की गई है। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग जोन एवं वेंडिंग जोन की समुचित व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया है। मांग पत्र में कहा गया है कि पार्किंग व्यवस्था नहीं रहने के कारण शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा छोटे–बड़े वाहनों से चालान एवं जुर्माना वसूले जाने के साथ अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं पर अविलंब संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।

# नूरसराय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बने प्रो. रत्नेश अमन, कुशवाहा छात्रावास में हुआ अभिनंदन समारोह



**केशववार्णी बिहारशरीफ (नालंदा)।** रामचंद्रपुर स्थित कुशवाहा छात्रावास में नरेंद्र कॉलेज के प्रोफेसर रत्नेश अमन को नूरसराय डिग्री कॉलेज का प्राचार्य बनाए जाने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रावास के अध्यक्ष डॉ. चंदेश्वर प्रसाद ने की। समारोह में छात्रावास कार्यकारी समिति के सदस्यों ने प्रो. रत्नेश अमन को फूल–माला एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।छात्रावास के उपसचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रो. रत्नेश अमन के प्राचार्य बनने से पूरे जिले के शिक्षाविदों एवं समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में बृजनंदन प्रसाद, सनी कुमार, प्रोफेसर संजय कुमार, रणबीर कुमार सिन्हा, संजय कुमार आजाद, अरुण कुमार, प्रोफेसर परमेश्वर दयाल, चमेली वर्मा, सुरेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।







